FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **मलसीसर**

अरविन्द बनाम **सरकार**

किस्म मुकदमा : प्रार्थना पत्र अ0 धारा 136 राज. भू–राजस्व अधि0 मु0न0 **108** सन् **2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.10.2025	आज यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से एडवोकेट श्री संदीपसिंह राठौड़ द्वारा बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलवाना मय नकल प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड एडी से जारी होकर पत्रावली वास्ते तलवी आईन्दा दिनांक 10.12.2025 को पेश हो।	
19/11/25	वकील प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र मिसल तलवी पेश करने पर पत्रावली तलब की गई। वकील प्रार्थी के निवेदन पर बहस सुनी गई। दौराने बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस वाके ग्राम घासीराम का बास के खाता संख्या 12 व 84 के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम अरविन्द कुमार पुत्र जयदेव सिंह के बजाय दस्तावेजी व सही नाम अरविन्द चाहर पुत्र जयदेव सिंह दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का निवेदन किया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी स्वयं के शपथ पत्र एवं उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है। निर्णय अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस वाके ग्राम घासीराम का बास के खाता संख्या 12 व 84 के राजस्व रिकार्ड में दर्ज अरविन्द कुमार पुत्र जयदेव सिंह के स्थान पर सही व दस्तावेजी नाम अरविन्द चाहर पुत्र जयदेव सिंह दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का आदेश दिया जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार मलसीसर को पालनार्थ भेजी जावे। प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।	